प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 11.11.2025 (संध्या–1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. **घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतदान संपन्न, सुबह से ही विभिन्न बूथों पर मतदाताओं की लगी रही लंबी कतारें, शाम पांच बजे तक 73.88 प्रतिशत मतदान।**
2. **राज्य स्थापना रजत जयंती पर राज्यभर में कार्यक्रम जारी, रांची में मुख्यमंत्री ने एलईडी प्रचार वाहनों को दिखाई हरी झंडी, सभी जिलों में आयोजित हुआ "रन फॉर झारखंड"।**
3. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में लालकिले के पास हुए कार विस्फोट मामले पर जताई कड़ी नाराजगी, कहा– दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।**
4. **पश्चिमी विक्षोभ के कारण राज्य के कई जिलों में तापमान में गिरावट की गई दर्ज, उत्तर–पश्चिमी जिलों में शीत लहर का अलर्ट जारी।**

और

5. **हजारीबाग पुलिस केंद्र में 20वीं उत्तरी छोटा नागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता हुई शुरू, पांच जिलों के 242 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा।**

और अब समाचार विस्तार से

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने आज एक प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि शाम 5 बजे तक घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए **73.88** प्रतिशत मतदान हुआ है। विधानसभा चुनाव के दौरान अब तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में चार केस दर्ज किए गए हैं।

सुबह से ही विभिन्न बूथों पर मतदाताओं की लंबी कतार लगी रही और अपने मताधिकार को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिलाद्य वृस्तित ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

****

झारखण्ड अपनी स्थापना का रजत जयंती वर्ष मना रहा है। इसे लेकर आज राज्य भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रजत जयंती उत्सव की शुरुआत करते हुए एलईडी प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन रांची, खूंटी और रामगढ़ जिलों में सरकारी योजनाओं और उपलब्धियों का प्रचार–प्रसार करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उत्सव झारखंड की अस्मिता और संघर्ष का प्रतीक है और राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सबको एकजुट होकर कार्य करना होगा।

****

झारखंड रजत जयंती कार्यक्रमों के तहत आज राज्य के सभी जिलों में रन फॉर झारखंड का आयोजन किया गया। खूंटी जिले में जिला प्रशासन द्वारा **"रन फ़ॉर झारखंड"** कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम से तिरला तक छात्र, अधिकारी और आम नागरिकों ने दौड़ में भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व उपायुक्त श्रीमती आर० रॉनिटा ने किया, जिन्होंने दौड़ का शुभारंभ करते हुए युवा प्रतिभाओं और अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज झोंगो पाहन का सम्मान किया।

****

इधर उपराजधानी दुमका में **"रन फॉर झारखंड"** के साथ–साथ "एक्सप्लोर इंफिनिटी ऑपर्च्युनिटीज रथ" भी रवाना किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने समाहरणालय परिसर में हरी झंडी दिखाकर इस रथ को रवाना किया, जो गाँव–गाँव जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी देगा।

****

राज्य के 25वें स्थापना दिवस पर रांची योग कल्चर द्वारा दो दिवसीय 29वीं ऑल इंडिया इंटर स्कूल और क्लब योगा चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में देश भर के प्रतिभागी भाग लेंगे और इसमें योगासन, चित्रांकन प्रतियोगिता और 20–20 योगासन प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण होंगे। इस आयोजन का उद्देश्य झारखंड को रोग मुक्त बनाना और स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड विधानसभा द्वारा पारित "झारखंड व्यावसायिक शिक्षण संस्थान (शुल्क विनियमन) विधेयक, 2025" को अपनी स्वीकृति प्रदान की है। इसके साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालयों में गैर–शैक्षणिक

कर्मियों की नियुक्ति, पदोन्नति और कैडर संरचना से संबंधित परिनियम में संशोधन को भी मंजूरी दी है। यह संशोधन सातवें वेतन आयोग के पे मैट्रिक्स लेवल 02 से 08 तक के कर्मियों पर लागू होगा।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में लालकिले के पास हुए कार विस्फोट मामले में कहा है कि इस भयावह घटना के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा और इसके ज़िम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। भूटान के थिम्पू में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि आज वह भारी मन से भूटान आए हैं और कल शाम दिल्ली में हुई घटना ने सभी को बहुत व्यथित किया है।

****

नये जीएसटी सुधार के बाद नई जीएसटी दरों से इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में हुए परिवर्तन के बारे में एक रिपोर्ट –

****

संताल परगना क्षेत्रीय प्राधिकार कार्यालय की ओर से गोड्डा जिले के 16 प्राइवेट स्कूलों के 63 बसों के परिचालन पर रोक लगाई है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

पश्चिमी विक्षोभ का असर राज्य के अधिकांश जिलों में दिखने लगा है। पिछले 24 घंटे में तापमान में दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए राज्य के उत्तर–पश्चिमी हिस्सों में शीत लहर का अलर्ट जारी किया है।

****

हजारीबाग पुलिस केंद्र में तीन दिवसीय 20वीं उत्तरी छोटा नागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ, जिसमें हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़, चतरा और गिरिडीह जिले की पुलिस टीमें भाग ले रही हैं और 242 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन बोकारो के पुलिस महानिरीक्षक सुनील भास्कर ने किया और खिलाड़ियों से कहा कि खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क पुलिसकर्मियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

****